दिनांक 01.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 556/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद बरेली/थाना आंवला

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 01-11-2026 को थाना आंवला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेवती मोड़ के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त छोटा उर्फ रिजवान घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद रामपुर, बरेली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, सीएस एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना आंवला पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना आंवला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–छोटा उर्फ रिजवान निवासी ग्राम रेवती खुर्द थाना मिलक रामपुर जनपद रामपुर।

बरामदगी

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद बागपत/थाना बड़ौत

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 01-11-2026 को थाना बड़ौत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त समीर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे

से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना बड़ौत पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बड़ौत पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–समीर निवासी नई बस्ती थाना बड़ौत जनपद बागपत।

बरामदगी

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद अयोध्या/थाना कोतवाली नगर

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 32 लाख रूपये कीमत के लूट के 306 ग्राम सोना**
- **26 हजार 500 रूपये नगद**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 थार वाहन आदि बरामद**

दिनांक 01.11.2026 को थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गैस गोदाम बैरियर के पास से 02 अभियुक्तों 1–दिव्यांश उर्फ रौनक 2–अभिषेक उर्फ तन्नू को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 32 लाख रूपये कीमत के लूट के 306 ग्राम सोना, 26 हजार 500 रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन, 01 थार वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.10.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सोना उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–दिव्यांश उर्फ रौनक निवासी कौशलपुरी कॉलोनी फेज–1 थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या।

2–अभिषेक उर्फ तन्नू निवासी मानिकपुर थाना कूरेभार जनपद सुल्तानपुर।

बरामदगी

1–लगभग 32 लाख रूपये कीमत के लूट के 306 ग्राम सोना।

2–26 हजार 500 रूपये नगद।

3–03 मोबाइल फोन।

4–01 थार वाहन आदि।

जनपद गाजीपुर/थाना कोतवाली

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 05 पीली धातु के चौन**
- **02 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 31-10-2026 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मीरनपुर शक्का मोड़ के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–संजय उर्फ पप्पू 2–पुष्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट की 05 पीली धातु के चौन, 02 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत

कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद चौन उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–संजय उर्फ पप्पू निवासी खतीरपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर।

2–पुष्कर निवासी खतीरपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर।

बरामदगी

1–लूट की 05 पीली धातु के चौन।

2–02 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

जनपद अयोध्या/थाना कोतवाली नगर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 18 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, सिक्के आदि बरामद**

दिनांक 01-11-2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मर्चरी हाऊस के पास से 02 अभियुक्तों 1–प्रभात 2–अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 18 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, सिक्के आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 21-09-2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–प्रभात निवासी वीर सावरकर कॉलोनी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

2–अभियुक्ता।

बरामदगी

1–लगभग 18 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, सिक्के आदि।

कमिश्नरेट वाराणसी/थाना लंका

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 अवैध पिस्टल .32 बोर, 06 मैगजीन**
- **19 अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा/पिस्टल/बैरल**
- **143 जीवित, 24 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 31-10-2026 को थाना लंका व सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त 1–अमन कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशादेही पर शिवाजी नगर कॉलोनी नगवां से अभियुक्त 2–विमलकांत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 03 अवैध पिस्टल .32 बोर, 06 मैगजीन, 19 अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा/पिस्टल/बैरल, 143 जीवित, 24 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना लंका पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अमन कुमार निवासी कपरीपार थाना मईल जनपद देवरिया, हालपता अशोक पुरम कॉलोनी डाफी लंका कमिश्नरेट वाराणसी।

2–विमलकांत निवासी बी1/151–80 थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी, हालपता शिवाजी नगर कॉलोनी लंका कमिश्नरेट वाराणसी।

बरामदगी

1–03 अवैध पिस्टल .32 बोर, 06 मैगजीन।

2–19 अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा/पिस्टल/बैरल।

3–143 जीवित, 24 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

4–भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

जनपद औरैया/थाना अजीतमल

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 06 लाख रूपये कीमत की 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त 01 लोडर वाहन आदि बरामद**

दिनांक 01-11-2026 को थाना अजीतमल व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त रामकुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 06 लाख रूपये कीमत की 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त 01 लोडर वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अजीतमल पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1– रामकुमार निवासी ग्राम महादेव पुर्वा थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज।

बरामदगी

1–लगभग 06 लाख रूपये कीमत की 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–घटना में प्रयुक्त 01 लोडर वाहन आदि।

———————